# बहाल




लड़कियों द्वारा लिखी गई दुनिया के लिए प्रार्थनाओं का संग्रह



# क्या आप लड़कियों पर विश्वास करते हैं?

**क्या आप मानते हैं की इस संसार को और भी बेहतर बनाने के लिए लड़कियां समर्थ हैं? हम मानते हैं!**

प्रत्येक वर्ष, संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के माध्यम से दुनिया भर में लड़कियों की ताकत, लचीलापन और सकारात्मक प्रभाव को मान्यता देता है। यह दिन लड़कियों के सामने आने वाली बाधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और उनकी उपलब्धियों की पुष्टि करता है। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय आयोग इस दिन का उपयोग सकारात्मक प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कर रहा है जो लड़कियां परमेश्वर की रचना पर ला सकती हैं जिस का विषय है 'पुनर्स्थापना: पर्यावरण की देखभाल करने वाली लड़कियां'।

**हम अपनी लड़कियों और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य चाहते है।**

हम जलवायु संकट के दरमियान रह रहे हैं। विनाशकारी तूफान, भीषण सूखा, बढ़ते समंदर के स्तर और खंडित पारिस्थितिक तंत्र की वर्तमान प्रवृत्तियों का सुरक्षा, आजीविका, स्वास्थ्य, स्वच्छ जल और अन्य चीजों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। यह संकट सभी को प्रभावित करता है, लेकिन महिलाएं और लड़कियां सबसे कमजोर वर्ग में शामिल है। लड़कियां अक्सर भोजन भी आखिर में करती हैं और संकट में भी आखिर में बचाई जाती हैं । वे अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अधिक जोखिम का सामना करती हैं क्योंकि स्वच्छता प्रणाली से समझौता करना पड़ता है और संसाधनों के कम होने के कारण वह बड़े हुए घरेलू श्रम के बोझ तले दब जाती हैं।

इन अनुभवों के माध्यम से, लड़कियां पर्यावरण के अनुकूल जीवन जीने का तरीका दर्शाने में, जलवायु और इसके जोखिमों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में और हमारे ग्रह को ठीक करने में मूल्यवान अंतर्दृष्टि और समाधान प्रदान करती हैं। यद्यपि उन्हें अक्सर अग्रणी, उद्यमी और निर्णय लेने वालों के रूप में अनदेखा कर दिया जाता है फिर भी लड़कियां एक स्थायी भविष्य के निर्माण की कुंजी हैं।

जब आप इन प्रार्थनाओं का अनुसरण करते हैं, तो सामाजिक न्याय के उन कारणों पर विचार करें जिन्हें आप परमेश्वर के सामने उठा रहे हैं: लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए और जल के नीचे के जीवन और जमीन पर जीवन की देखभाल करने के लिए सशक्त बनाना ताकि वे तत्काल कार्यवाही कर सकें।



# ’आकाश तेरा है, पृथ्वी भी तेरी है;

'आकाश तेरा है, पृथ्वी भी तेरी है; जगत और जो कुछ उसमें है- क्योंकि ये सब तूने ही रचा है' (भजन संहिता 89:11 लिविंग बाइबिल) ।

प्रभु यीशु मसीह के अनुयाई होने के नाते, हम विश्वास करते हैं कि परमेश्वर हमारा पिता और हमारा सिरजनहार है। वह अपने प्रत्येक जन की देखभाल करता है,



ठीक वैसे ही जैसे वह प्रत्येक जीवित प्राणी की देखभाल करता है, और हमें इस पृथ्वी और जो कुछ इसमें है उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संसार के संकटों को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है, कि हमने अपने जीवनों में कभी भी उस बुलाहट को सम्मान नहीं दिया और हमें परमेश्वर की रचना के साथ अपने संबंधों को बहाल करने के लिए कार्य करना चाहिए ताकि हम परमेश्वर की प्रेम-पूर्ण देखभाल और चिंता को दर्शा सकें।

इससे पहले कि हम संपूर्ण विश्व में प्रार्थनाओं का सिलसिला आरंभ करें, जो विभिन्न महाद्वीपों, संस्कृतियों एवं संदर्भों की लड़कियों की आवाज को उठाता है, आइए हम कुछ समय लेकर इस बात को याद करें कि इसमें हम सभी की कोई ना कोई भूमिका है, कोई फर्क नहीं पड़ता चाहे हम कोई भी हों। जब हम परमेश्वर की सृष्टि को पुनर्स्थापित करने और पृथ्वी पर उसके राज्य का निर्माण करने के लिए कार्य करते हैं, तो हम यह कभी नहीं भूलें कि हम सब इसमें एक साथ हैं।



# यूरोप

स्पेन और पुर्तगाल कमांड से एक छोटे सिपाही के साथ हम यूरोप से अपना प्रार्थना दौरा आरंभ करते हैं। तेरह वर्षीय एना, ग्रैन कनरिया, कैनरी द्वीप समूह में रहती हैं, जो अपनी उपखंडीय जलवायु, चट्टानी परिदृश्य और सुंदर समुद्री दृश्यों के लिए जाना जाता है। एना अब हमारी प्रार्थना के समय का आरंभ करेंगी:

प्यारे यीशु,

मैं इस शुभ अवसर के लिए आपका धन्यवाद करती हूँ जो आपने दिया कि आपकी रचना की देखभाल कर सकूं, लेकिन मैं देख सकती हूं कि आपने हमें जो काम दिया है उसके साथ हमने हमेशा अच्छा नहीं किया है।

हम आपसे क्षमा चाहते हैं क्योंकि आपकी सृष्टि हमारे और हमारी जीवन शैली के कारण संकट में है। पर्यावरण की देखभाल करने और जानवरों के प्रति दयालु हृदय रखने में हमारी मदद करें।

परमेश्वर, उस आशा के लिए धन्यवाद जो आप हमें अपने वचन में देते हैं कि एक दिन सृष्टि को छुटकारा मिलेगा।

प्रभु यीशु मसीह के नाम में,

आमीन।



# अफ्रीका

यह प्रार्थना चौदह-वर्षीय सूसन द्वारा की गई है। सूसन युगांडा, अफ्रीका में रहती है, और अपने अनोखे परिदृश्य के बारे में थोड़ा बहुत जानती है जिसमें पहाड़ियां, जंगल, झरने, झीलें और पहाड़ हैं। हम सूसन को प्रार्थना में शामिल करते हैं:

दयालु व स्वर्गीय पिता,

मैं आप की उपस्थिति में अपनी दुनिया और उसमें मौजूद हर चीज के लिए आपको धन्यवाद देने के लिए आई हूं। मैं प्रार्थना करती हूं कि आप हममें अपनी रचना के प्रति देखभाल की भावना पैदा करें। मैं उपभोक्ता-संचालित उद्योगों के लिए, प्रार्थना करती हूं कि वह हमारे पर्यावरण के संबंध में सतर्क रहने पाएं, और सभी जीवित चीजों को पर्यावरणीय क्षति और ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले खतरों से सुरक्षित रखने की दिशा में काम करें।

सृष्टि के रचयिता, मैं आपसे प्रार्थना करती हूं, कि हमारे पास जागरूक दिल हों जो इस बात के प्रति संवेदनशील हो कि वनों की कटाई हमारे प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को कैसे नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही हैं। मैं प्रार्थना करती हूं कि दुनिया भर में सरकारी अधिकारी वनीकरण का समर्थन करने और उचित कृषि प्रथाओं की आवश्यकता को पहचानने के लिए पेड़ लगाकर पर्यावरण को ठीक करने में सक्रिय रूप से भाग लें।



मैं प्रार्थना करती हूं कि आप सभी धर्म गुरुओं को आत्मिक रूप से गले लगाएंगे और प्रकृति संरक्षण का समर्थन करने में उन्हें साहसी बनाएंगे। हम एक साथ जागरूकता बढ़ा सकते हैं और उपयोगी और प्रभावशाली कार्यक्रम बना सकते हैं जो लोगों को अपने पर्यावरण की देखभाल करने के बारे में शिक्षित करते हैं।

मैं प्रार्थना करती हूं कि आप हम लड़कियों को अपनी दुनिया में बदलाव लाने के लिए और पृथ्वी की देखभाल करने, और उसे पुनर्स्थापित करने के लिए शक्ति और ज्ञान दें।

मैं प्रभु यीशु मसीह के नाम से प्रार्थना करती हूं,

आमीन।

# अमेरिका

बहनें, लिया और अलाना, उत्तरी कैलिफोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने घर से एक प्रार्थना साझा करती हैं। लड़कियां आसपास के जंगल की आग के प्रभावों को दर्शाती हैं जो हाल के महीनों में जल रही हैं, घरों, इमारतों, जीवन और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा रही हैं और नष्ट कर रही हैं। हालांकि आसमान अब धुएं से भर गया है, बहनों को पता है कि अभी भी नियंत्रण परमेश्वर के हाथों में है:

प्रिय स्वर्गीय पिता,

जीवन के लिए धन्यवाद-वह जीवन जो हम एक दूसरे में देखते हैं, वह जीवन जो हम अपने चारों ओर जमीन पर, समुद्र में, और आकाश में देखते हैं। आपकी सुंदर रचना के लिए धन्यवाद।



हम जिस पर्यावरण में रहते हैं उसके संरक्षण और देखभाल में अपनी भूमिका निभाने में हमारी मदद करें; इसकी रक्षा करने के लिए जो हमारे पास उपलब्ध संसाधन हैं उनका बुद्धिमानी से इस्तेमाल करने के लिए। हमारी मदद करें कि हम उन चीजों को मामूली ना समझें, क्योंकि एक पल में, यह सभी कुछ हमसे वापस लिया जा सकता है।

हम आज निवेदन करते हैं कि आप हमारे क्षेत्र में आग फैलाने वाली हवाओं को शांत करें। हम सभी किसी न किसी तरह से प्रभावित हैं, इसलिए हम प्रार्थना करते हैं कि आपका शक्तिशाली हाथ हम सभी को संभाले और सुरक्षित रखे। हमें आप पर भरोसा है और हम जानते हैं कि सब कुछ आपके नियंत्रण में है

प्रभु यीशु मसीह के नाम में,

आमीन।

# दक्षिण एशिया

**अगली प्रार्थना दक्षिण एशिया से आती है। इंडिया सेंट्रल टेरिटरी की 14 वर्षीय मिन्नल क्रिस्टियाना, एक आकर्षक क्षेत्र में खड़ी है जिनके पीछे मवेशी खुशी-खुशी चर रहे हैं। मिन्नल अपनी प्रार्थना करती है:**

सृष्टि के परमेश्वर,

हमें यह खूबसूरत दुनिया देने के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं और आपकी प्रशंसा करते हैं!

हमें असावधानी से दूर कर दो ताकि स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और समृद्ध पृथ्वी की आपकी आशीष प्रत्येक जीवित प्राणी की विरासत बन जाए। हम प्रार्थना करते हैं कि एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को यीशु मसीह के द्वारा आपके कार्यों के चमत्कारों की घोषणा करें।

पृथ्वी तेरी है, और तू ने हवाओं और समंदर को आज्ञा दी है। प्लास्टिक के लिए अपनी उपभोक्ता मांग को छोड़ने और पर्यावरण की दृष्टि से स्वस्थ व्यवहारों की ओर बढ़ने में हमारी मदद करें। जिस दुनिया से आप प्यार करते हैं उसकी देखभाल करने में आप की अगुवाई का पालन करने में हमारी मदद करें।



पृथ्वी के पानी के लिए, जीवन को बनाए रखने वाली बारिश के लिए, झीलों और गहरे महासागरों के लिए धन्यवाद हमें इस बात का ध्यान रखने में मदद करें कि ये कितने कीमती हैं। स्वच्छ पानी के लिए मिलकर काम करने में हमारी मदद करें, और हम इसे उन लोगों के साथ साझा करें जिन्हें आज इसकी आवश्यकता है। तू पृथ्वी और समुद्र और आकाश को जीवन से भर देता है। हमें अपनी रचना की उपेक्षा के लिए क्षमा करें, हम जानते हैं कि नुकसान लापरवाह आदतों और आने वाली पीढ़ियों के प्रति उदासीनता से हुआ है।

स्थाई परिवर्तन के लिए अपनी आवाज उठाने के लिए हमारे जीवन और जीवन शैली को ठीक करने में हमारी सहायता करें। हम आपके पुत्र की महिमा के लिए पृथ्वी पर अच्छी तरह और शांति से रहना चाहते हैं।

मैं इस निवेदन को प्रभु यीशु मसीह के नाम में साझा करती हूं,

आमीन

# दक्षिण प्रशांत और पूर्वी एशिया

हमारी अंतिम प्रार्थना तेरह-वर्षीय विनशैल द्वारा की गई है, जो फिलीपींस में मिंडानाओ द्वीप पर रहती है। द्वीप चार समुद्रों से घिरा हुआ है और पहाड़, पठार, झीलें और झरने प्राकृतिक परिवेश की विशेषता हैं।

प्रिय परमेश्वर,

हमारे सृष्टिकर्ता और शक्तिशाली पिता, मैं आपको इस सुंदर और अद्भुत दुनिया के लिए धन्यवाद देती हूं जो आपने हमारे लिए बनाई है और इसमें सारी समृद्धि है। सुंदर पेड़ हमें ताजी हवा देते हैं, लेकिन आज कल जो दुनिया आपने बनाई है वह हमारी अचेतन भावना और व्यक्तिगत इच्छाशक्ति के कारण अत्यधिक अव्यवस्था का सामना कर रही है। हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि हमारी जिद्धि आत्मा के कारण हम बहुत से दुख झेल रहे हैं।

जो दुनिया आपने बनाई है वह हमारी अचेतन भावना और व्यक्तिगत इच्छाशक्ति के कारण अत्यधिक अव्यवस्था का सामना कर रही है। हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि हमारी जिद्धि आत्मा के कारण हम बहुत से दुख झेल रहे हैं।



लोग प्लास्टिक के इस्तेमाल को लेकर लापरवाह और गैर जिम्मेदार हैं। अधिकांश नदियां प्रदूषित हो चुकी हैं। जब-तब हमारी जमीन गैर कानूनी कचरे के कारण बहुत आसानी से भर जाती है।परमेश्वर, मुझे चिंता है कि यह सब कुछ बहुत छोटी बात समझी गई है। एक युवा लड़की के रूप में, मैं विनम्रता पूर्वक आपसे क्षमा मांगने के लिए आपके पास आती हूं। हमें हमारे सभी अधर्म और स्वार्थी आत्मा से शुद्ध करें।

मैं प्रार्थना करती हूं कि आप दुनिया भर की तमाम नौजवान लड़कियों का मार्गदर्शन कीजिए और बुद्धिमानी दीजिए ताकि वे अपने आरामदायक स्थानों से बाहर निकल कर कदम बढ़ा सकें और आपकी सृष्टि जिन समस्याओं का सामना कर रही है उन पर ध्यान केंद्रित कर सकें। हमें अपने पर्यावरण की देखभाल करने के लिए सर्वोत्तम विकल्प चुनने की बुद्धि दीजिए कि हम सोच समझकर अपने पर्यावरण की देखरेख कर सकें। हमें इस खूबसूरत दुनिया का सम्मान, देखभाल और महत्व देने की निस्वार्थ आत्मा प्रदान कीजिए।

हे पिता, हमें अपनी सृष्टि का अच्छा भंडारी बना। दुनिया को रहने के लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर जगह बनाने के लिए हमारे जुनून को बढ़ाएं। यह प्रार्थना मैं, प्रभु यीशु मसीह, आपके नाम में होकर मांगती हूँ,

आमीन।

# धन्यवाद

**अंतर्राष्ट्रीय महिला सेवकाई उन लड़कियों की शुक्रगुजार है जिन्होंने इस मुद्दे पर आवाज उठाई है। हम ऐना, सूसन, मिन्नल, लिया, अलाना और विनशैल के लिए परमेश्वर के नाम की स्तुति करते हैं, और हम उनके अगुवों के प्रोत्साहन और समय देने के लिए परमेश्वर का धन्यवाद देते हैं। युवा मुक्ति फौजियों के रूप में, हम उनके निरंतर विकास और निरंतर सेवकाई के लिए प्रार्थना करते हैं।**

**मोक्ष सेना का अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय आयोग**
HTTPS://WWW.SALVATIONARMY.ORG/ISJC

**अंतर्राष्ट्रीय महिला सेवकाई उन**
फेसबुक: SALV ARMY WOMEN
INSTAGRAM: SALVARMYWOMEN